अमर उजाला

अगर आप भी इस नामी प्रकाशन की किताबें खरीद रहें तो सावधान, पटना में चल रहा नकली किताबों का कारोबार

पटना में भारती भवन प्रकाशन के नाम का इस्तेमाल कर नकली किताबें बनाई जा रही थी। यह धड़ल्ले से बाजार में बिक रही थी। पाठक डिस्काउंट ऑफर के झांसे में आकर इस नकली किताबों को धडल्ले से खरीद भी रहे थे। कई सालों से यह कारोबार चल रही था। इसका खुलासा तब हुआ जब पटना पुलिस ने नकली किताब बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। सोमवार देर रात पीरबहोर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीएम दास रोड में एक प्रिंटिंग प्रेस में छापेमारी की गई। इसमें भारती भवन की नकली किताबें जब्त की गई, जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।

कई वर्षों से चल रहा था गोरख धंधा

भारती भवन के के अधिकारी ने कहा कि लगातार हमें शिकायत मिल रही थी कि भारतीय भवन के नाम से डुप्लीकेट किताबें छापी जा रही है और उसे मार्केट में बेचा जा रहा है। तब मैं बीएम दास रोड स्थित बबलू पुस्तक भंडार में गया। वहां से एक किताब खरीदी जो भारती भवन के असली किताब से मैच कर रही थी। मैं इसे देखकर हैरान रह गया। इसके बाद थाना में आकर शिकायत की।

Source: https://www.amarujala.com/bihar/bihar-news-illegal-trade-of-fake-books-in-patna-police-seized-fake-books-worth-rs-10-lakh-2024-12-24